मुख मोहिनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है,
मोर मुकुट है शान,
प्रेमियों के दिल की जान,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

तर्ज ना कजरे की धार।

मुखड़ा सूरज सो दमके,
किरपा की नज़र करे जमके,
माथे पर तिलक केसरिया,
ड्योढ़ी पर हीरो चमके,
म्हारो बाबो है छबीलो,
पहने है जो रंगीलो,
बागे की निराली शान।
मुख मोहनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

मोतियन की लड़ी मन भाये,
बैजंती माल सुहाये,
मकराकृत कान के कुण्डल,
चुपके से चित्त चुराए,
जैसे बादल हो काले,
सावन के मतवाले,
केशो पे तेरे कुर्बान,
मुख मोहनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

नैना सुन्दर कजरारे,
मन को लगते मतवारे,
ऐसा लगता है जैसे,
जादूगर जादू डारे,
क्या रिश्ते क्या रस्मे,
कर लेता है वश में,
ये दिल धड़कन ये जान।
मुख मोहनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

मन फसा तुम्हारे ढंग में,
बस गया बेधड़क अंग में,

दुनिया से मोह टूटा मेरा,
मैं रंगी जो तेरे रंग में,
मैं मैं ना रही कान्हा,
हुआ ऐसा दिल दीवाना,
बन गई मेरी पहचान।
मुख मोहनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

मुख मोहिनी मुस्कान,
नज़रों से चलाये बाण,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है,
मोर मुकुट है शान,
प्रेमियों के दिल की जान,
मुरली से छेड़ता तान,
कन्हैया कितना प्यारा है,
सांवरा सबका प्यारा है।।

Singer Ekta Sarraf

इसी तर्ज पर अन्य भजन देखें

१. शिव तुम कितने सुन्दर हो।
२. ना पुष्पों के हार।
३. जबसे मिला दरबार।

४. सांवरिया सरकार सुनले मेरी।
५. जबसे किया है पार खाटू का।

Source:
https://www.bharattemples.com/mukh-mohini-muskan-sanwara-sabka-pyara-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw